प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर

दिनांकः 24.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- राज्य के 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी।
- प्रदेश में गर्मी तोड रही है सारे रिकॉर्ड—बाडमेर देश का सर्वाधिक गर्म शहर।
- राज्य सरकार ने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण के लिए स्टेट लेवल ऑथोराइजेशन कमेटी का किया गठन ।
- दूरसंचार विभाग ने लगभग सात लाख मोबाइल नम्बर पाये अवैध—पुर्नसत्यापित नहीं होने पर इन्हें किया जायेगा बंद।

.......................

राज्य में 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट की माध्यम से डाले गए मतों की गिनती की जाएगी। इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। मतगणना के लिए 29 केंद्र बनाये गये हैं। जोधपुर, नागौर, करौली—धौलपुर और श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में दो—दो मतगणना केंद्र बनाये गये है। श्री गुप्ता ने बताया कि मतगणना के लिए कुल 235 कक्ष होंगे, जबकि पोस्टल बैलट के लिए 62 कक्ष होंगे। ईवीएम के वोटों की गिनती के लिए 2 हजार 713 टेबल्स और पोस्टल बैलेट तथा ईटीबीपीएस से डाले गए मतों की गणना के लिए 800 टेबल्स लगाई जाएंगी। मतगणना टेबल्स के लिए कुल 3500 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ये मतगणना 4 हजार 33 राउंड में पूरी होगी। श्री गुप्ता ने बताया कि इसके लिए 1200 से ज्यादा एआरओ को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। निर्वाचन आयोग की ओर से कुल 56 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना के दिन सूखा दिवस घोषित किया गया है।

अधिकृत मीडियाकर्मियों के लिए हर मतगणना केंद्र पर मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान और परिणाम की जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर में एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन ट्रेंड—टीवी के माध्यम से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गयी है।

.......................

प्रदेश में गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड रही है। कई स्थानों पर पारा 47 डिग्री सैल्सियस के पार पहुंच गया है। तेज लू चलने से जनजीवन बुरी तरह बेहाल हो रहा है। एजेन्सी के अनुसार भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 5 लोगों की मृत्यु हो गई। जालोर में एक महिला सहित चार लोग और बालोतरा में एक युवक की मृत्यु हुई है। बालोतरा जिले की निर्माणाधीन रिफाइनरी में सुबह काम के दौरान मजदूर की तबीयत बिगड़ी और उसकी मृत्यु हो गई। जालोर में एक महिला घर में काम करने के दौरान बेहोश हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। जालोर में हीटवेव से दो बुजुर्गों की मौत हो गई। दोनों रेलवे स्टेशन के पास अचेत अवस्था में मिले थे। इन्हें एम्बुलेंस की मदद से जालोर के सरकारी हॉस्पिटल लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। जिले के आहोर के रहने वाले 30 साल के युवक की भी लू से मृत्यु हो गई। उधर किशनगढ़बास क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर में तेज गर्मी के कारण 7 मोरों की मौत हो गई। पशु चिकित्सक डॉ. जगदीश मेहला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज गर्मी होने और पानी नहीं मिलने के कारण मौत हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में बाडमेर 48 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ देश का सर्वाधिक गर्म स्थान रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज गर्मी के चलते सड़कों पर दोपहर में कर्फ्यू जैसे हालात बने हुए है।

.......................

जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, चूरू, जालोर और सीकर के फतेहपुर में कल पारा 47 डिग्री के पार चला गया। अन्य स्थानों पर भी दिन का तापमान 43 से 47 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। राज्य में अब दिन के साथ रात में भी हीटवेव चलने लगी है। जयपुर, कोटा, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, धौलपुर, जालोर, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे भी ऊपर रहने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार भीषण गर्मी और लू का दौर आगामी दिनों में भी बना रहेगा। जयपुर और भरतपुर संभाग में आज कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

......................

और अब अकाशवाणी से सभी श्रोताओं से एक अपील–भीषण गर्मी को देखते हुए आप सभी सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी का पालन करें और अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले।

......................

राज्य सरकार ने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण के लिए स्टेट लेवल ऑथोराइजेशन कमेटी का गठन किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य और नियंत्रक इस कमेटी के चेयरमैन होंगे। अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. नरपत सिंह शेखावत, जनरल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बी.एल. यादव, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक शारदा, सेवा भारती राजस्थान की सीमा दया और चिकित्सा शिक्षा सचिव तथा निदेशक और जनस्वास्थ्य के प्रतिनिधि समिति के सदस्य होंगे।

......................

दूरसंचार विभाग ने लगभग छह लाख 80 हजार मोबाइल नम्बरों को फर्जी और अवैध पाया है। संदेह है कि ये नम्बर अमान्य, अस्तित्वहीन, नकली पहचान प्रमाण और केवाईसी के फर्जी दस्तावेज का उपयोग करके प्राप्त किए गए हैं। विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इन नम्बरों को पुर्नसत्यापित करने के निर्देश दिये हैं। साठ दिन के अन्दर पुर्नसत्याापित न किये जाने पर इन मोबाइल नम्बरों को बंद कर दिया जाएगा। विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों के सहयोग और आर्टिफिशियल इंटेलीजैंस तकनीक से धोखाधडी करने वाले इन नम्बरों की पहचान की है। यह पहल धोखाधड़ी से निपटने में एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करती है।

.....................

जयपुर में ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए एक नई पहल की गई है। अब से ई–रिक्शा का संचालन क्यूआर कोड के अंतर्गत होगा। हमारे संवाददाता के अनुसार इससे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होने की संभावना हैं।

.....................

खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की ओर से कल जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। इसमें 43 हजार से अधिक खाद्य तेल और करीब 7 हजार लीटर घी को सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में ये कार्रवाई सीकर रोड़ स्थित कूकरखेड़ा मंडी में एक फर्म पर की गई थी। श्री ओझा ने बताया कि फर्म से पालीवाल, बालाजी, और तिरुमला ब्रांड का 2 हजार 44 किलो घी और होम सारथी का नन्द कृष्णा ब्रांड का लगभग चार हजार लीटर घी सीज कर नमूने लिए गए हैं।

.....................